## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### आकाशवाणी में विभिन्न भाषाओं के लिए प्रोड्यूसरों की नियुक्ति

*864. श्री डी० एस० नेगी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी मे विभिन्न भाषाओं और बोलियों के विद्वानों की 'प्रोड्यूसरों' के रूप मे नियुक्ति करने की व्यवस्था है ;

(ख) यदि हां, तो क्या लखनऊ और अन्य केन्द्रों पर काम कर रहे कुमाऊनी, गढ़वाली और संस्कृत के विद्वानों की प्रोड्यूसरों के पदो पर नियुक्ति कर दी गई है या किये जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या गत 15-20 वर्षों से स्टाफ आर्टिस्ट के रूप मे काम कर रहे ऐसे सभी विद्वानो की नियुक्ति प्रोडयूसरों के रूप मे करने का प्रस्ताव है, जो किसी भाषा या बोली के विशिष्ट ज्ञाता हैं , और

(घ) यदि हां, तो ऐसा कब तक किये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) केन्द्र मे किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञों की नियुक्ति कार्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं पर निर्भर करती है । यह वित्त मंत्रालय की कर्मचारी निरीक्षण यूनिट द्वारा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार केन्द्र के ऐसे पदों का पात्र होने पर निर्भर करता है;

(ख) विशिष्ट रूप से लखनऊ या अन्य केन्द्रों पर कुमाऊनी, गढ़वाली या संस्कृत के लिए प्रोड्यूसरों का कोई पद मंजूर नहीं किया जाता है, क्योंकि ये केन्द्र (क) में उल्लिखित मानदंड को पूरे नही करते ।

(ग) और (घ). आकाशवाणी में प्रोड्यूसरों के पद स्टाफ आर्टिस्टों की सभी श्रेणियों मे से सीमित चयन द्वारा भरे जाते हैं बशर्ते कि वे निर्धारित अर्हताएं पूरी करते हों, इसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा भरे जाते हैं । गत तीन वर्षों के दौरान आकाशवाणी मे 53 प्रोड्यूसर नियुक्त किये गये थे जिनमे से 32 आकाशवाणी के स्टाफ आर्टिस्टों की श्रेणियों मे से सीमित चयन द्वारा और 21 सीधी भर्ती द्वारा चुने गये थे ।

### Conference on National Integration

*886. SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government propose to call shortly a conference on National Integration in view of the disturbances which have recently taken place, particularly in the State of Uttar Pradesh;

(b) whether all the recommendations made during the last meeting of the National Integration Council have been implemented;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) whether Government propose to appoint any Standing Committee to ensure implementation of such recommendations?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) to (d). The last meeting of the National Integration Council was held in June 1968. It had made recommendations on communal aspects, regional aspects, educational aspects and mass media. All these recommendations had been forwarded to State Governments and Central Ministries concerned for taking necessary